सतना | बुधवार | 10 सितम्बर 2025 | वर्ष 27 | अंक 010 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00

navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

सतना 27 वां वर्ष संस्करण



5 मनीषा कोईराला बोली- नेपाल के लिए काला दिन



6 सत्ता में वर्षों टिकना चाहते हैं पुतिन और जिनपिंग



7 भारत देगा 10 मिलियन डॉलर, डाक क्षेत्र सशक्त होगा



8 पंत भारत लौटे बेंगलोर के सीओई में होगा पुनर्वास

# नेपाल में तख्ता पलट

## पीएम ओली और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने दिया इस्तीफा



- राष्ट्रपति आवास पर हमला कई मंत्री घायल
- नेपाल सेना ने आमजनों से शांति बनाने की अपील
- काठमांडू के मेयर बालेन पीएम के प्रबल दावेदार

**काठमांडू, 09 सितंबर। नेपाल में सोशल मीडिया प्रतिबंध और भ्रष्टाचार के खिलाफ भड़के प्रदर्शनों ने मंगलवार को राजनीतिक भूचाल ला दिया। भारी दबाव के बीच प्रधानमंत्री खड्ग प्रसाद शर्मा ओली ने पद से इस्तीफ़ा दे दिया, जिसे राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने स्वीकार कर लिया। देर शाम राष्ट्रपति पौडेल ने भी इस्तीफ़ा दे दिया, जिससे सत्ता संकट और गहरा गया। इसके साथ ही एक वरिष्ठ मंत्री ने भी त्यागपत्र सौंप दिया।**

नए प्रधानमंत्री को लेकर हलचल तेज हो गई है। 2022 में काठमांडू के मेयर बने बालेन शाह अगले प्रधानमंत्री के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के निजी आवासों सहित कई बड़े नेताओं के घरों पर आगजनी और तोड़फोड़ की। सोमवार को पुलिस कार्रवाई में 20 लोगों की मौत और साढ़े तीन सौ से अधिक घायल होने के बाद प्रदर्शनों का सिलसिला और तेज हो गया। मंगलवार को गुस्साई भीड़ संसद भवन में घुस गई और वहां आगजनी कर दी।

राष्ट्रपति पौडेल के बोहोराटार स्थित आवास, प्रधानमंत्री ओली के बालाकोट स्थित घर और सर्वोच्च न्यायालय परिसर तक प्रदर्शनकारियों ने निशाना बनाया। उपप्रधानमंत्री व वित्त मंत्री बिष्णु पौडेल के भैसपति आवास और संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग के घर में आगजनी की गई। माओवादी अध्यक्ष पुष्प कमल दहल और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक के घरों पर भी हमले हुए।

स्थिति इतनी विस्फोटक रही कि दो मंत्री गंभीर रूप से घायल हो गए और कई नेताओं को सुरक्षा घेरे में अस्पताल ले जाना पड़ा। गोलीबारी की घटनाओं में मंगलवार को दो और लोगों की मौत हो गई। राजधानी काठमांडू में तख्तापलट और गृहयुद्ध जैसी आशंकाओं की चर्चा तेज हो गई है। नेपाल जा रही इंडिगो एयरलाइंस की दो उड़ानों को सुरक्षा कारणों से लखनऊ में उतारना पड़ा। एयर इंडिया ने भी दिल्ली-काठमांडू की सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। राजधानी सहित कई प्रांतों में सेना को अलर्ट पर रखा गया है। नेपाल में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं और राजनीतिक अनिश्चितता चरम पर पहुंच गई है।उग्रवादियों ने सेना के हथियार भी छीने और नेपाल सेना के द्वारा आमजनों से शान्ति बनाने की अपील की गई है इस्तीफों के बाद हालात और बिगड़ गए।

### प्रधानमंत्री ओली ने अपने त्यागपत्र में लिखा

देश में व्याप्त असाधारण स्थिति को ध्यान में रखते हुए और संवैधानिक समाधान की दिशा में प्रयासों को सुगम बनाने के लिए मैं तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहा हूं। गौरतलब है कि उन्होंने 15 जुलाई 2024 को चौथी बार प्रधानमंत्री पद संभाला था। इस बीच हालात और भयावह हो गए। डिप्टी प्रधानमंत्री को प्रदर्शनकारियों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, वहीं भारतीय पत्रकारों और कैमरामैन पर भी हमला हुआ।

# सीपी राधाकृष्णन बने उपराष्ट्रपति

**452** एनडीए को मिले मत | **300** वोट प्राप्त हुए सुदर्शन रेड्डी को | **767** सांसदों ने वोट डाले | **152** वोटों से सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को हराया

**नई दिल्ली , 09 सितम्बर. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( एनडीए ) के उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को आज मंगलवार को भारत का 15वां उपराष्ट्रपति चुना गया. उन्होंने विपक्षी इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार, सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 वोटों से हराया. उपराष्ट्रपति चुनाव आज सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक हुआ, जिसमें 98.20 प्रतिशत मतदान हुआ.**

चुनाव आयोग के अनुसार, उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए कुल वोटर संख्या 788 थी. इसमें 7 पद रिक्त रहने के कारण प्रभावी वोटर संख्या 781 रही. कुल 767 सांसदों ने वोट डाले. परिणामों में राधाकृष्णन को 452 प्रथम वरीयता वोट मिले, जबकि सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट प्राप्त हुए. कुल 15 वोट अमान्य घोषित किए गए. राज्यसभा महासचिव पी.सी. मोदी ने जानकारी दी कि कुल 13 सांसदों ने मतदान से परहेज किया, जिनमें सात सांसद बीजेडी से, चार बीआरएस से, एक शिरोमणि अकाली दल से और एक निर्दलीय सांसद शामिल थे.



चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन का जन्म 20 अक्टूबर 1957 को तमिलनाडु के तिरुपुर में हुआ. वे बीजेपी के वरिष्ठ नेता हैं और दो बार कोयंबटूर से सांसद रह चुके हैं. वे 1974 में भारतीय जनसंघ से जुड़े और बाद में भाजपा तमिलनाडु के सचिव बने. 1998 और 1999 में वे लोकसभा चुनाव जीते और संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष रहे. वे पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स, वित्तीय परामर्श समिति और शेयर बाजार घोटाले की विशेष समिति के सदस्य भी रहे. उन्होंने 2004 से 2007 तक भाजपा तमिलनाडु इकाई की अध्यक्षता की और 19,000 किमी लंबी 'रथ यात्रा' का नेतृत्व किया. इस यात्रा का उद्देश्य नदियों को जोड़ने, आतंकवाद उन्मूलन, छुआछूत खत्म करने और नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान चलाना था.

> इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने मतदान किया. बता दें कि उपराष्ट्रपति का पद 21 जुलाई 2025 से खाली था, जब जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दे दिया था.

## फ्रांस सरकार गिरी विश्वास मत हासिल नहीं कर सके पीएम बायरू

**पेरिस, 09 सितंबर .** फ्रांस में प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू की सरकार का सोमवार को पतन हो गया. बायरू के खिलाफ कुल 364 सांसदों ने मतदान किया, जबकि 194 ने उनके पक्ष में मतदान किया. यह मतदान 44 अरब यूरो (51 अरब डॉलर) की एक बचत योजना को पारित कराने के लिए किया गया था. पर सरकार यह कठिन इम्तिहान पास नहीं कर सकी. इस ताजा घटनाक्रम से देश एक नए राजनीतिक संकट में फंस गया है और बढ़ते आर्थिक तनाव और भू-राजनीतिक तनावों के बीच सरकार का पतन नयी दिक्क्तों को जन्म दे गया है. बायरु को प्रधानमंत्री पद संभाले केवल नौ महीने ही हुए थे.

# मोदी ने किया बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा

- हिमाचल को 1500 करोड़ रुपए की सहायता
- पंजाब-उत्तराखंड को भी मिल सकती है राहत

**चंडीगढ़/नई दिल्ली/पटना, 09 सितम्बर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया. पंजाब के गुरदासपुर पहुंचकर उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और बचावकर्मियों से बातचीत की.**

गुरदासपुर के टिब्बड़ी कैंट में हुई उच्च स्तरीय बैठक में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां और भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ सहित कई मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे. मुख्यमंत्री भगवंत मान अस्वस्थ होने के कारण नहीं आ सके और अपनी जगह मंत्रियों का दल भेजा.

हिमाचल प्रदेश में मोदी ने कांगड़ा और चंबा सहित कई प्रभावित इलाकों का दौरा कर 1500 करोड़ रुपये की सहायता पैकेज की घोषणा की. साथ ही मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की.

इधर, बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री 15 सितम्बर को बिहार आएंगे और पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन करने के साथ कई परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे. इस दौरान वे एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे.

> प्रधानमंत्री ने कहा कि क्षतिग्रस्त घरों और स्कूलों की जियोटैगिंग की जाएगी ताकि समय पर राहत पहुंचाई जा सके. इस बीच पंजाब सरकार ने केंद्र से 80,000 करोड़ रुपये के विशेष राहत पैकेज की मांग की है, जिसमें जीएसटी बकाया 60,000 करोड़ और अतिरिक्त 20,000 करोड़ रुपये शामिल हैं. राज्य में अब तक 51 मौतें और 20 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हो चुके हैं. भाजपा सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी इसी सप्ताह उत्तराखंड का दौरा भी करेंगे और वहां की स्थिति का आकलन करेंगे. केंद्र का अंतर-मंत्रालयी दल उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर जैसे जिलों में नुकसान का सर्वे करेगा.

# गुरुद्वारा को उड़ाने की धमकी

## तख्त हरमंदिर पटना साहिब को भेजा ई-मेल

**पटना, 09 सितम्बर। बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खबर सामने आई है। तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब गुरुद्वारा को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी गुरुद्वारा की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजे गए मेल के जरिए दी गई।**

मिली जानकारी के अनुसार मेल में साफ लिखा था कि गुरुद्वारे के लंगर हॉल में 4 RDX रखे गए हैं। यही नहीं, मेल में पाकिस्तान जिंदाबाद और आईएसआई जिंदाबाद जैसे नारे भी लिखे गए थे। मेल सामने आते ही गुरुद्वारा परिसर में अफरा-तफरी मच गई।



गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने तुरंत पटना स्स्क कार्तिकेय शर्मा को सूचना दी। इसके बाद बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंची और पूरे गुरुद्वारे की सघन तलाशी ली। हालांकि तलाशी में कोई विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि यह किसी की शरारत लगती है और मेल फर्जी हो सकता है।

## 17.80 करोड़ की हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

**नयी दिल्ली, 09 सितंबर.** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने अंतरराज्यीय नशा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है और 17.80 करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है. अपराध शाखा (एएनटीएफ) के उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करोड़ों रुपए की हेरोइन बरामद की है. अब तक की कुल बरामदगी की कीमत लगभग 17.80 (सत्रह करोड़ अस्सी लाख रुपए) आंकी गई है. इसके साथ ही आरोपियों के कब्जे से एक आई-20 कार और एक स्कूटी भी जब्त की गई है.

# राहुल गांधी भी बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगे

**नयी दिल्ली, 09 सितंबर . कांग्रेस सूत्रों के अनुसार गांधी की यात्रा का समय अभी निश्चित नहीं हुआ है लेकिन वह इसी सप्ताह हिमाचल प्रदेश और पंजाब जाएंगे और वहां बाढ़ पीड़ितों से भी मुलाकात करेंगे।**

सूत्रों ने बताया कि गांधी बाढ़ की स्थिति पर बराबर नजर रखे हैं और उनका कहना है कि वह पीड़ितों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उनका कहना था कि गांधी बाढ़ की स्थिति को लेकर बराबर हिमाचल सरकार के संपर्क में है। यह पूछने पर कि क्या गांधी बाढ़ पीड़ित उत्तराखंड भी जाएंगे। सूत्रों ने कहा कि इसकी अभी उन्हें कोई जानकारी नहीं है।



गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में इस पूरे मौसम में जगह-जगह बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं हो रही है जिसके कारण राज्य को जन धन का भारी नुकसान हुआ है। पंजाब और हरियाणा में बाढ़ के कारण तबाही मची है और जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है।

### राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में 23 को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर, 09 सितंबर.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एमपी/एमएलए न्यायालय में मंगलवार को गवाह से जिरह की गयी. प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर न्यायाधीश शुभम वर्मा ने 23 सितंबर की तारीख सुनवाई के लिए नियत की है.

# ईडी ने 10 ठिकानों पर मारे छापे

## 273 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी का मामला

**नयी दिल्ली/भोपाल, 09 सितंबर. प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने 273 करोड़ रुपये के कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन निवारण अधिनियम ( पीएमएलए ) के मामले में दिल्ली तथा भोपाल में 10 ठिकानों पर छापे मारे हैं.**

ईडी सूत्रों के मुताबिक ये छापे एरा हाउसिंग एंड डेवलपर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (ईएचडीएल) और उसके सहयोगियों के ठिकानों पर मारे जा रहे हैं. यह जांच आईएफसीआई बैंक की शिकायत पर दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी पर कार्रवाई का हिस्सा है. एजेंसी का आरोप है कि ईएचडीएल ने अपने प्रमोटरों और निदेशकों के साथ मिलकर लगभग 273 करोड़ रुपये के ऋणों का गबन और दुरूपयोग किया. ईडी के अनुसार ऋण राशि का एक बड़ा हिस्सा कथित तौर पर विभिन्न संबंधित संस्थाओं में स्थानांतरित कर दिया गया था, जो किसी भी वैध व्यवसाय में शामिल नहीं थीं. जांच में और सबूत जुटाने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है.




व्यवस्था लागू | कैबिनेट ने मध्यप्रदेश नगर पालिका संशोधन अध्यादेश 2025 को दी मंजूरी

# मतदाता करेंगे नपा और नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 9 सितंबर. प्रदेश में नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्षों का चुनाव अब महापौर की तरह सीधे मतदाता करेंगे. वर्ष 2019 के बाद से बंद ये व्यवस्था एक बार फिर शुरू होने जा रही है. अब भले ही वर्ष 2027 में होने वाले नगरीय चुनाव हो या फिर अभी किसी भी निकाय में अध्यक्ष के लिये चुनाव की नौबत आये, अब सभी अध्यक्षों का चुनाव सीधे मतदान से ही होगा.**



कैबिनेट ने मंगलवार को मप्र नगर पालिका संशोधन अध्यादेश-2025 को मंजूरी दे दी है. अध्यादेश को मंजूरी के बाद नगरीय विकास एवं आवास विभाग से इसे मंगलवार को ही मुख्य सचिव कार्यालय भेज दिया है, वहां से ये मुख्यमंत्री कार्यालय जाएगा. मुख्यमंत्री कार्यालय इसे राजभवन भेजेगा. राज्यपाल की अनुमति के बाद अध्यादेश जारी कर दिया जाएगा. संभावना जताई जा रही है कि बुधवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी हो सकती है. उसके बाद विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान इस संबंध में विधेयक पेश होगा. विधेयक को सदन की मंजूरी और फिर इसे राज्यपाल की हरी झंडी मिलने के बाद इस संबंध में अधिनियम भी प्रभावी हो जाएगा. राज्य सरकार का तर्क है कि भले ही निकाय चुनाव वर्ष 2027 में होंगे, लेकिन ये व्यवस्था अभी से लागू होने से अध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाले दावेदारों को अभी से तैयारी करने का मौका मिलेगा.

### अध्यक्ष को वापस बुलाने कलेक्टर को देना होगा प्रस्ताव

नगर पालिका अध्यक्ष और नगर परिषद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिये अब तीन चौथाई पार्षदों के हस्ताक्षर के साथ प्रस्ताव देना अनिवार्य कर दिया गया है. निकाय में पार्षदों द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर इसे कलेक्टर को भेजा जाएगा, कलेक्टर इसका परीक्षण करेंगे. उसके बाद वे संतुष्ट होने पर प्रस्ताव को राज्य सरकार को भेजेंगे. राज्य सरकार इस प्रस्ताव को राज्य निर्वाचन आयोग को भेजेगा और फिर आयोग अध्यक्ष को वापस बुलाने के लिये मतदान कराने के लिये समय निर्धारित करेगा. नए प्रावधान में यह भी व्यवस्था की जा रही है कि अध्यक्ष के खिलाफ तीन वर्ष से पहले अविश्वास प्रस्ताव पेश नहीं किया जाएगा. यह भी व्यवस्था की जा रही है कि कार्यकाल के दौरान केवल एक बार ही अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जा सकेगा.

# टैरिफ की वजह से नहीं था कोई संकट

## जीएसटी सुधारों का अमेरिकी टैरिफ से कोई लेना-देना नहीं

**नई दिल्ली,09 सितम्बर। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया है कि हाल ही में घोषित जीएसटी सुधारों का अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी-भरकम टैरिफ से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि जीएसटी स्लैब घटाने और सुधार की प्रक्रिया पर पिछले 18 महीनों से काम चल रहा था।**

एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में सीतारमण ने बताया कि जीएसटी स्लैब को 4 से घटाकर 2 करने और स्वास्थ्य व जीवन बीमा प्रीमियम समेत कई वस्तुओं को छूट देने पर लगातार विचार किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि बीच में चुनाव हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार शपथ लेने के बाद मुझसे पूछा कि जीएसटी सुधारों पर काम कहां तक पहुँचा। मैंने उन्हें भरोसा दिलाया था कि यह जरूर होगा। सीतारमण ने आगे बताया कि मई में उन्होंने प्रधानमंत्री को अपने ठोस प्रस्ताव ब्रीफ किए, जिसके बाद पीएम की सलाह पर इन्हें जीएसटी काउंसिल को सौंपा गया।



### कटिहार दौरे पर आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**पटना, 09 सितम्बर .** सीमांचल के मशहूर मखाने की अंतरराष्ट्रीय पहचान को देखते हुए देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज कटिहार दौरे पर हैं . वह चंद्रमा चौक स्थित उद्योगपति पीयूष डोकानियां के मखाना केंद्र का निरीक्षण करेंगी और स्थानीय मखाना उत्पादकों व व्यापारियों से सीधी बातचीत करेंगी . कटिहार का मखाना देश-विदेश में लोकप्रिय है और बड़ी मात्रा में निर्यात होता है .